तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 25 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बांगो विस्थापितों के समर्थन में कांग्रेस का महासम्मेलन







# शहर में बालक-बालिका खेल परिसर के लिए शासन से मिलेगा फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बालक-बालिका खेल परिसर तैयार करने के लिए शासन से फंड स्वीकृत किया जाएगा। जिसके लिए इंदिरा स्टेडियम का चयन किया गया है। जहां आवासीय व्यवस्था भी खिलाड़ियों को दी जाएगी। इसके लिए शासन स्तर पर टीम भी बनाई जाएगी। जिनकी निगरानी में खेल परिसर का संचालन होगा।

अलग खबर

जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 6 माह पूर्व बालक-बालिका खेल परिसर तैयार करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन के द्वारा शासन को भेजा गया था। उन प्रस्तावों पर स्वीकृति मिलने के बाद शासन से फंड भी जारी होगा। इसके अलावा डीएमएफ से भी राशि जारी की जाएगी। इंदिरा स्टेडियम में तैयार होने वाले बालक बालिका खेल परिसर के लिए स्टेडियम को भी उस स्तर का तैयार करने की रूपरेखा बन रही है। इसके लिए प्रशासन स्तर पर अधिकारियों की निगरानी टीम भी बनेगी। स्पोर्टस अकादमी की तर्ज पर तैयार होने वाले बालक बालिका खेल परिसर के लिए डीएमएफ और शासन से मिलने वाली एक बड़ी राशि खर्च होने जा रही है। खेल परिसर तैयार करने के उद्देश्य से इंदिरा स्टेडियम का निरीक्षण भी किया गया है। इंदिरा स्टेडियम को नए सिरे से अपडेट करने के लिए नगर निगम के सहयोग से बजट तैयार किया जा रहा है। 5 करोड़ की राशि बालक बालिका खेल परिसर के लिए पहले स्वीकृत की गई थी। अब और राशि भी डीएमएफ से देने की तैयारी है।

## इंदिरा स्टेडियम में तैयार किया जाएगा परिसर

**खास बातें**

- आवासीय परिसर भी होंगे तैयार
- खेल अकादमी की तर्ज पर स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा प्रशिक्षण



### ब्लाक मुख्यालय में भी तैयार करने की योजना

जिले के पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लाक में भी खेल प्रतिभाओं के लिए खेल परिसर तैयार किया जाएगा। इसके लिए भी क्षेत्र के मिनी स्टेडियम का अवलोकन किया गया है। पूर्व में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा मिनी स्टेडियम को तैयार करने के लिए पुराने खेल परिसर को अपडेट करने के लिए प्रस्ताव भी भेजा था। जिसके लिए अब तक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण काम अटका हुआ है। इन दोनों क्षेत्रों में मिनी स्टेडियम नहीं होने के कारण हाई स्कूल के मैदान के उपयोग करने की मजबूरी खिलाड़ियों के सामने बनी रहती है।

## खबर संक्षेप

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी आज मनाऐगी झीरमघाटी शहादत दिवस

**हरदीबाजार।** झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं शहीद हुए अन्य नेताओं के पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में प्रदेश के सभी मुख्यालयों के साथ ही साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के द्वारा पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के निवास में सोमवार को सुबह 9 बजे मनाया जाएगा। इस संबंध में सभी वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक, ब्लाक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, बूथ कमेटी अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस सहित सभी कार्यकर्ताओं को यथा स्थान पहुंचने की अपील की गई है।

### जुई ने एनआईटी से प्राप्त की पीएचडी उपाधि



**कोरबा।** सुश्री जुई गिरी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त कर जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्हें यह उपाधि 18 मई को प्रदान की गई। जुई गिरी 15 ब्लॉक निवासी जे गिरी एवं श्रीमती निर्मला गिरी की सुपुत्री हैं। डॉ. जुई गिरी ने वास्तुकला एवं आयोजना विभाग में कोरबा शहर के सार्वजनिक शहरी उद्यानों की वहन क्षमता का अध्ययन विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया है। यह शोधकार्य विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं शोध निर्देशक डॉ. वंदना अग्रवाल तथा सह-शोध निर्देशक प्रोफेसर डॉ. स्वास्ति स्थापक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। अपने शोध में डॉ. जुई गिरी ने कोरबा शहर के सार्वजनिक उद्यानों की वास्तविक उपयोग क्षमता, उनकी उपलब्धता तथा प्रबंधन व्यवस्था का गहन अध्ययन किया है।

### ग्रामीणों ने लिया पर्यावरण संरक्षण संकल्प

**भैसमा।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर वन विभाग के विशेष सहयोग से सामाजिक संस्था ग्राम मित्र के तत्वावधान में एक जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन करतला में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, पर्यावरणविदों, सामुदायिक संगठनों तथा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जैव विविधता संरक्षण, वन सुरक्षा, जल संरक्षण तथा पारंपरिक प्राकृतिक ज्ञान को बढ़ावा देना था। सामाजिक संस्था ग्राम मित्र के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण में ग्राम सभाओं की संवैधानिक भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति और जैव विविधता प्रबंधन समिति के माध्यम से स्थानीय स्तर पर वृक्षारोपण अभियान, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत (सस्टेनेबल) उपयोग को प्रभावी बनाया जा सकता है। आयोजन में वन विभाग के सभी बीटगार्ड्स, वन अधिकार समिति के सदस्यों तथा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। कार्यक्रम में डोल नारायण पटेल, राजेंद्र पटेल, कविता, द्वारिका, दिलेश्वर, त्रिलोकी, मंजू, सुकृति, प्रयाग, उमेश, सुदेश कुंभकार उपस्थित रहे।

### रहमानिया नगर वार्ड के लोगों पालिका कार्यालय में विरोध कर सौंपा ज्ञापन

# कटघोरा नगर में पिछले एक सप्ताह से पानी सप्लाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में भीषण गर्मी के बीच पानी का संकट गहराता जा रहा है। कटघोरा के रहमानिया नगर वार्ड में पिछले सात दिनों से पानी सप्लाई बंद है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लगातार बिजली कटौती ने हालात और खराब कर दिए हैं।

पानी की सप्लाई बाधित होने से आक्रोशित रहमानिया नगर के लोगों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और पानी-बिजली की समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई। वार्डवासियों ने कहा कि भीषण गर्मी में बिना पानी और बिजली के रहना मुश्किल हो गया है। शिकायत मिलने के बाद कटघोरा नगर पंचायत अध्यक्ष राज जायसवाल ने अधिकारियों और



कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश देते हुए शाम से पानी सप्लाई बहाल करने का आश्वासन दिया। कटघोरा के अलावा कोरबा नगर निगम के नेहरु नगर, मुड़ापार, अमरैय्यापारा, एसईसीएल रामनगर और बुधवारी समेत कई बस्तियों में भी लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। शहरी क्षेत्रों में बिगड़ती बिजली व्यवस्था को लेकर पूर्व एमआईसी सदस्य दिनेश सोनी और पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। लगातार बिजली गुल होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं गुजर रहा है जब 4 से 5 बार अघोषित रुप से बिजली की कटौती ना की जा रही हो। रोजाना किसी ना किसी समस्या की वजह से बिजली गुल की शिकायत सामने आ रही है। वहीं छोटे और बड़े व्यापारी भी परेशान हैं, क्योंकि लंबे कटौती के कारण इनवर्टर भी जवाब दे रहे हैं और कारोबार प्रभावित हो रहा है। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली काटी जा रही है, लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा। उन्होंने स्मार्ट मीटर को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लोगों से ज्यादा बिल वसूले जा रहे हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कटौती लगातार जारी है।

# अज्ञात वाहन ने तोड़ा विद्युत पोल, ग्रामीण हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एक तरफ भीषण गर्मी तो दूसरी तरफ किसी अज्ञात वाहन शनिवार रात लगभग 8.30 बजे ग्राम पंचायत भवन के किनारे लगे दो विद्युत पोल को तोड़ कर जमींदोज कर फरार हो गये हैं। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने हरदीबाजार विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दी। जिसके बाद घंटों मशक्कत के बाद विद्युत व्यवस्था दुरुस्त की गई। इस घटना से 55 उपभोक्ता रात के अंधेरे व गर्मी से बेहाल रहे। वहीं विद्युत विभाग को विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ा। विद्युत वितरण केंद्र हरदीबाजार ने इसकी शिकायत थाना में की है। बताया जाता है कि एक विद्युत पोल टूटता तो लापरवाही होती लेकिन लगातार दो पोल को छोड़कर जमीन पर गिरा देना जानबूझ कर किया गया प्रतीत होता है। गर्मी में बिजली बंद रहने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



रास्ते में टूटकर पड़ा हुआ विद्युत पोल।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण हो रहे परेशान

ग्राम पंचायत बोईदा बस्ती गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने से बस्ती अंधेरे में डूब गया है। बिजली गुल होने से ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दिन में तपती गर्मी और रात में उमस से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी ओर बिजली बंद होने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी ना बिजली विभाग ध्यान दें रहा है और ना ही सरपंच व जनप्रतिनिधि। रात के समय सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को हो रही है। लोग घरों के बाहर गर्मी से राहत पाने के लिए जागकर रात काटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

# एक दिन में 104 प्रकरणों पर कार्रवाई 53 हजार से अधिक वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोरबा यातायात पुलिस इन दिनों पूरी तरह से एक्शन

**खास बात**

- शराब पीकर वाहन चलाने वाले 19 लोगों पर हुई एमव्ही एक्ट की कार्यवाही

मोड में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात विभाग ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले (ड्रिंक एंड ड्राइव) दर्जनों वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई शहर के प्रमुख और संवेदनशील मार्गों जैसे टीपी नगर, सुभाष चौक, उरगा मार्ग और दर्री



वाहन जिसके खिलाफ हुई कार्रवाई।

रोड पर की गई। पुलिस की टीम ने ब्रेथ एनालाइजर मशीन के जरिए चालकों की जांच की। जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर सघन अभियान चला रही है। इसी कड़ी ⏭ शेष पेज 3 पर

# एसी के आउटडोर से कॉपर पाइप की चोरी करने वाले 6 नाबालिग सहित 9 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना पुलिस ने क्षेत्र में एसी के आउटडोर में लगे तांबा पाइप की चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है पुलिस ने तीन मुख्य आरोपी सहित 6 नाबालिक बच्चों को गिरफ्तार किया है।

**खास बातें**

- शहर के अलग-अलग स्थानों में घूमकर घूमकर करते थे चोरी
- औने पौने दाम में बेचकर मकान मालिकों को हजारों की पहुंचाते थे क्षति

वहीं चोरी का माल खरीदने वाले 3 शातिर कबाड़ी बदमाशों को भी गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से घरों और दफ्तरों के बाहर लगे एसी के आउटडोर यूनिट से तांबे की पाइप



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

गायब होने की शिकायतें मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने त्वरित संज्ञान लिया और मुखबिरों व तकनीकी सेल की मदद से तफ्तीश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कुछ नाबालिग बच्चे इस अवैध काम में शामिल हैं, जो सूने स्थानों पर लगे एसी से तांबे की पाइप काट लेते थे। इसके बाद, वे इस चोरी के माल को कौड़ियों के दाम पर स्थानीय कबाड़ियों को बेच देते थे। पुलिस ने इस मामले में निवासी कमलेश पाण्डेय, पिता स्व. जवाहर लाल पाण्डेय, उम्र लगभग 38 वर्ष, राताखार बजरंग चौक निवासी बिट्टू कुमार साव, पिता रंजीत कुमार साव, उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी परसाभाठा गणेश चौक के पीछे निवासी आशीष यादव पिता अशोक यादव, उम्र 18 वर्ष सहित 6 विधि से संघर्षरत बालको को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से एसी के कॉपर ⏭ शेष पेज 3 पर

# नव विवाहिता की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक शादीशुदा महिला को 5 साल पहले एक युवक बिहार से भागकर कोरबा ले आया था। दोनों के दांपत्य जीवन एक 3 साल का बच्चा भी है

**खास बात**

- पांच साल पहले प्रेमी ने शादी के बाद भगाकर लाया था कोरबा

लेकिन इस बीच ना जाने क्या हुआ कि विवाहिता ने अपने किराए के मकान में फांसी के फंदे पर झूल गई। जब पति घर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद फांसी के फंदे से नीचे उतारकर उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने शव का पीएम कराकर वैधानिक कार्यवाही में जुट गई है।

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा नगर की है। यहां निवासरत धर्मेंद्र कुमार पासवान व उसकी पत्नी प्रीति पासवान एवं उसका 3 साल का बच्चा दीपक निवास करता है। पुलिस के मुताबिक प्रीति ने अपने किराए के मकान में फांसी के फंदे पर झूल गई थी। जब उसका पति धर्मेंद्र ड्यूटी से घर पहुंचा तो अपनी पत्नी को फांसी के फंदे पर झूलता पाया। इसके बाद उसे फंदे से नीचे उतारकर मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रीति मूलतः बिहार गौरैया की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार प्रीति पहले से ही शादीशुदा थी। शादी होने के बाद धर्मेंद्र कुमार ने प्रीति को अपने साथ भागकर कोरबा कृष्णा नगर ले आया था और दोनों पति-पत्नी की तरह रहते थे लेकिन इस बीच जाने क्या हुआ कि प्रीति ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क करने का ⏭ शेष पेज 3 पर

# कुसमुंडा कोयला खदान में 60 टन वजनी डंपर पलटा, ऑपरेटर ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा कोयला खदान में डंपिंग कार्य के लिए गया 60 टन वजनी डंपर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में डंपर वाहन चालक को भी चोटें आई हैं। घायल अवस्था में उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार डंपर वाहन चालक डंपर लेकर कोयला खदान में डंपिंग करने गया था। इसी दौरान डंपर का संतुलन बिगड़ा और वह कोयला खदान से फिसलकर नीचे जा गिरा। बताया जा रहा है कि डंपर वाहन ऊपर से स्लाइड होते हुए



कुसमुंडा खदान जहां हुआ हादसा।

नीचे गिरा। हादसे के वक्त डंपर वाहन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि गिरने से उसे चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही कुसमुंडा कोयला खदान में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में कर्मचारी मौके पर जमा हो गए। संबंधित विभाग के अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। डंपर को भारी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से सीधा किया गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त आसपास अन्य वाहन या कर्मचारी नहीं थे, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। इस घटना ने एसईसीएल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर पुनः गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि खदान में सेफ्टी के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। हर साल सेफ्टी वीक और मार्च निकाले जाते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी हो रही है। कोयला फेस की ढलान, डंपिंग पॉइंट की मजबूती और वाहनों की नियमित जांच ⏭ शेष पेज 3 पर



**खबर संक्षेप**

## जैन समाज आज करेगा कार्रवाई की मांग

**बिलासपुर।** निहार से वापस होते समय रीवा मध्यप्रदेश में समाधि सम्राट आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की सुयोग्य शिष्या एवं आचार्यश्री समयसागर महराज की अज्ञानुवर्ती पूज्य 105 श्रुत माताजी एवं पूज्य 105 उपशम मति माताजी का एक घटना में "समाधि मरण" हो गया है। इस हेतु संपूर्ण जैन समाज में शोक की लहर व्याप्त है। सोमवार 25 मई को सुबह साढ़े 10 बजे जैन समाज के लोग एक साथ कलेक्टर ऑफिस प्रांगण में एकत्रित होकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। यह जानकारी बिलासपुर जैन सभा के अध्यक्ष दीपक जैन ने दी।

## प्रयास में प्रवेश परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**बिलासपुर।** जिले के प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। विभागीय वेबसाइट से मॉडल उत्तर देखे जा सकते हैं। जारी मॉडल आंसर के संबंध में दावा आपत्ति आवेदक अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर 30 मई तक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते है। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति अमान्य होगा एवं डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## ऑडिटोरियम के बाहर वाहनों की कतार

**बिलासपुर।** मिशन अस्पताल रोड स्थित लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरिम के भीतर पार्किंग की पर्याप्त जगह होने के बाद भी वहां विभिन्न कारणों से पहुंचने वाले लोग ऑडिटोरिम के बाहर सड़क पर अपने वाहन खड़े कर रहे हैं। इसके चलते मिशन अस्पताल मार्ग जो कि काफी व्यस्ततम मार्ग है, लगातार जाम की स्थिति में होता है। इसी मार्ग पर सेकेंड हैंड दुपहिया वाहनों की बिक्री करने वालों के द्वारा भी सड़क के किनारे ही वाहन खड़ी कर दिए जाते हैं, जिससे यातायात लगातार बाधित होता है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा मुख्य मार्ग भालू मोड़ के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुर बटवाही खुटापारा निवासी लाल मोहम्मद अंसारी आ. स्व. टिंकू अंसारी (61 वर्ष) 23 मई को 11 बजे किसी काम के सिलसिले में बाइक से अकेले लुण्ड्रा तहसील जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार लुण्ड्रा मुख्य मार्ग भालू मोड़ के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 ईजेड 5338 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## कार की टक्कर से मजदूर की गई जान

**अम्बिकापुर।** रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बटवाही निवासी दिलू नागेश आ. हरि भजन (27 वर्ष) मजदूरी करने का काम करता था। 23 मई की शाम मजदूरी कर पैदल घर जा रहा था। मजदूर जैसे ही सरना पारा लुण्ड्रा रोड सरकारी अस्पताल के समीप पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 15 डीई 9026 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अटल यूनिवर्सिटी की खाली जमीन में डंप होगा हजारों टन कचरा
# मंगला की 28 एकड़ जमीन पर बड़ा गार्डन और दूसरे प्रोजेक्ट

- मंगला के गड्ढे सिल्ट निकालकर मिट्टी डालते पाटा जाएगा, प्लास्टिक को अलग करते हुए कछार भेजेंगे
- शहर भर से इकट्ठा कचरा पहले व्यापार विहार तथा बाद में सालों से मंगला में डंप किया जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला में निगम की 28 एकड़ जमीन है जिस पर सालों से कचरा फेंका जा रहा है। इससे लोग परेशान हैं। अब निगम ने यहां से इस डंपिंग जोन को हटाकर कोनी स्थित अटल यूनिवर्सिटी की खाली जमीन पर कचरा फेंकने का फैसला लिया है। कचरा यहां फेंका भी जा रहा है। निगम के मुताबिक यहां काफी जगह खाली है और 20 फीट से अधिक बड़े गड्ढे भी है। इसके साथ ही मंगला में फेंके जा रहे कचरे से प्लास्टिक को अलग करते हुए कछार स्थित ट्रीटमेंट प्लांट भेजा जाएगा। मंगला में एक बड़ा गार्डन बनाने के साथ ही दूसरे प्रोजेक्ट लांच होंगे। निगम अधिकारी इस पर काम कर रहे हैं।

मंगला में नगर निगम की 28 एकड़ 32 डिसमिल जमीन है। शहर भर से इकट्ठा कचरा पहले व्यापार विहार तथा बाद में मंगला में डंप किया जाने लगा। कचरे के कारण मंगलवासी परेशान हो रहे हैं। गंदगी और मच्छरों ने जीना दूभर कर दिया है। इसके बावजूद अधिकारी सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अवैध रूप से कचरा डंप करने और जलाने के खिलाफ तारकेश्वर पाण्डेय ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी लगाई है।

मंगला में डंप कचरा जिसे हटाया जा रहा





### पूरे क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या

मंगला में पॉलिथिन का कचरा एक बड़े क्षेत्र में आसपास की बस्ती तक फैला है। कई बार इसमें आग भी लग गई है। ऐसे में जब भी इस कचरे में आग लगती है तो वह बहुत तेजी से भड़क जाती है। इससे आसपास के घरों को भी खतरा है। इसके अलावा आग से उठने वाले बेहद प्रदूषित धुंए से लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। इसके धुंए से लोग परेशान होते रहते हैं और सांस लेने में भी तकलीफ होती है। बदबू और प्रदूषण की समस्या तो लगातार बनी हुई है। कचरा जलाने पर प्रतिबंध है लेकिन इस पर रोक नहीं लग सकी।



यूनिवर्सिटी परिसर में कचरे को डंप किया जा रहा है।

### लोग हो रहे बदबू और गंदगी से परेशान

ध्यान रहे कि रतनपुर रोड में कछार के पास ट्रंचिग ग्राउंड तैयार किया गया। मकसद यह कि 15 किलोमीटर दूर कचरा डंप हो और जनता को बदबू और दूसरी दिक्कतों से राहत मिले। यहां कचरा जा भी रहा है और इसका रिसाइकिल भी हो रहा है। इसके साथ ही लेकिन शहर का कचरा मंगला, व्यापार विहार और राजकिशोर नगर में डंप हो रहा है। मंगला चौक में काफी समय से लोग परेशान है। शहर का कचरा इस क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी आफत बन गई है। लोगों के साथ ही निगम के कर्मचारी सुबह मंगला में नदी किनारे कचरा फेंककर आ जाते हैं। इसमें पॉलिथिन, पेड़ों के सूखे पत्ते आदि भी शामिल रहते हैं। लोगों को जहरीले धुएं का सामना शाम से लेकर सुबह तक करना पड़ता है। धुएं की वजह से लोग कूलर या पंखा तक नहीं चला पाते हैं। इससे धुआं सीधे घर के अंदर पहुंचता है।

### खाली था क्षेत्र, अब बन गईं कई कालोनियां

गौरतलब है कि पहले इस क्षेत्र में आवास नहीं थे। पर धीरे-धीरे कालोनियां या निजी भूमि पर घर बनाकर लोग निवास कर रहे हैं। जिस जमीन पर नगर निगम की गाड़ी कचरा डंप करती है वह निगम की है। पर मार्ग के किनारे होने के कारण यहां कचरा डंप को लेकर विरोध होता है। इसी विरोध के कारण बीच में डंपिंग बंद भी हो गई थी। पर अब फिर से पिछले कुछ दिनों से निगम की कचरा गाड़ी यहां पहुंच रही है और डंप कर चले जाते हैं। गंदगी व बदबू की वजह से इस मार्ग से गुजरना दुभर हो गया है। बता दें कि इस मार्ग से आगे दीनदयाल कालोनी, अभिषेक विहार समेत कई कालोनी के रहवासी गुजरते हैं। उन्हें रूमाल या गमछा बांधकर ही आवाजाही करनी पड़ रही है।

### लोगों ने की थी शिकायत

मंगला में निगम की 28 एकड़ जमीन है। यहां के लोगों के साथ ही पार्षद ने कचरा फेंकने का विरोध करने के साथ ही शिकायत दर्ज कराई थी। अब तय किया गया है कि अटल यूनिवर्सिटी की खाली जमीन पर इस कचरे को फेंका जाएगा। यहां 20 फिट से अधिक गड्ढा होने के साथ ही बड़ी जमीन है।

**- पूजा विधानी,** महापौर

### मंगला में डंप नहीं हो रहा कचरा

मंगला में कचरा डंपिग निगम द्वारा बंद कर दिया गया है। कुछ स्थानीय लोग जरूर कचरा फेंक रहे हैं। उन्हें मना किया जा रहा है। यहां के गड्ढे में सिल्ट अधिक है। उसे निकालकर मिट्टी डालते हुए गड्ढे को पाटा जाएगा और समतल किया जाएगा। फेंके जा रहे कचरे से प्लास्टिक को अलग करते हुए कछार स्थित ट्रीटमेंट प्लांट भेजा जाएगा।

**- खचांजी कुम्हार,** अपर आयुक्त

हरिभूमि की खबर का असर : कोनी थाने का मामला

# कबाड़ियों को थाने में वीआईपी ट्रीटमेंट देने वाले मुंशी और मददगार लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी पुलिस थाने में गिरफ्तार कबाड़ियों को चाय नाश्ता कराकर वीआईपी ट्रीटमेंट देने वाले मुंशी व मददगार पर कार्रवाई की गाज गिर गई है। एसएसपी ने दोनों को लाइन अटैच कर दिया है।

22 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के कबाड़ी दुकानों की जांच कर सख्ती से कार्रवाई का आदेश दिया गया। उसके बाद पुलिस की अलग अलग टीम ने देर रात तक जिले की 49 कबाड़ी दुकानों में दबिश देकर संदिग्ध 40 कबाड़ी दुकानों को सील कर दिया था। 23 मई को कोनी पुलिस ने छोटी स्थित दो कबाड़ी दुकानों की जांच कर लगभग 3 क्विंटल कबाड़ जब्त किया और कबाड़ी अकबर खान, मंसूर बेग को गिरफ्तार कर थाने में लाकर मुंशी कक्ष रखा गया। दोनों कबाड़ी मुंशी व मददगार के सामने बकायदा कुर्सी पर बैठे रहे। उनकी आवभगत के लिए चाय नाश्ता, ब्रांडेड पानी मंगाया गया। कबाड़ी मंसूर बेग दोनों पैर कुर्सी के ऊपर रखकर आराम से चाय नाश्ता करता रहा। उसे रोकने टोकने वाला थाने में कोई नहीं था। 24 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाने के मुंशी प्रधान आरक्षक बालेश्वर तिवारी, मददगार आरक्षक अनुज जांगड़े को लाइन अटैच कर दिया है।



कोनी थाने के मुंशी कक्ष में गिरफ्तार कबाड़ी को मिला वीआईपी ट्रीटमेंट

हरिभूमि में 24 मई को प्रकाशित खबर।

### थाना प्रभारी पर कार्रवाई नहीं

थाने के अंदर कबाड़ियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा था और थानेदार को जानकारी नहीं थी। थाने के अंदर पीड़ित व अपराधियों से किए जाने वाले व्यवहार की सम्पूर्ण जिम्मेदारी थाना प्रभारी की होती है। थाने के अंदर घोर लापरवाही सामने आने के बाद भी थाना प्रभारी को अभयदान दे दिया गया है।

### थाना प्रभारी थाने से बाहर थी

थाने में कबाड़ियों को चाय नाश्ता कराने पर मुंशी प्रधान आरक्षक व मददगार आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है। 23 मई को थाना प्रभारी सुबह से शाम तक थाना से बाहर थी। उसके नहीं रहने से ऐसी घटना हुई है।

**- पंकज कुमार पटेल** एडीशनल एसपी

# सड़क पर लिया ब्लड सैंपल, सीएमएचओ ने जारी किया नोटिस

**बिलासपुर।** शहर में सड़क पर मरीजों के ब्लड और यूरिन सैंपल लेने के अलावा बिल्हा सीएचसी के डाक्टर द्वारा पीएम नहीं करने को लेकर मचे बवाल के बीच सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल अब एक्शन के मूड में हैं। दोनों ही मामले में संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं शहर के डाग्नोसिटिक सेंटरों को सैंपल लेने में लापरवाही ना बरतने की नसीहत दी गई है। नियमों का पालन नहीं करने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई की बात कही गई है।

कुछ दिन पहले चलते फिरते पैथोलैब का वीडियो जोरों से वायरल हुआ था, इसमें एक युवक बाइक पर मरीज को बैठाकर ब्लड सैंपल लेता नजर आ रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद भी हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की तो पता चला कि रायपुर लोधीपारा स्थित सेज पैथोलैब का सेल्स एग्जीक्यूटिव नरेन्द्र पात्रे नामक युवक द्वारा अनअधिकृत पैथोलैब द्वारा ब्लड सैंपल कलेक्ट किया गया है। इस मामले में सीएमएचओ कार्यालय द्वारा बताया गया है कि संबंधित सेज पैथोलैब का बिलासपुर में कोई सेंटर नहीं है और ना ही कार्यालय द्वारा ऐसे किसी लैब को मान्यता दी गई है, जिससे यह बात साबित होता है कि अनाधिकृत लैब द्वारा सैंपल कलेक्शन किया जा रहा है। इसे ही संज्ञान में लेते हुए सीएमएचओ ने सभी पैथोलैब को दिशा निर्देश जारी किया गया है, इस तरह का कृत्य पाए जाने पर नर्सिंग होम एकट के तहत कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं सीएमएचओ ने बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मृतक का पीएम नहीं करने के मामले में डाक्टर डॉ एआर बंजारे को नोटिस दे दिया है। मामले में सीएमएचओ ने डाक्टर बंजारे को जवाब देने के लिए कहा है। दरअसल आशीष लोधी पिता महावीर लोधी ने फांसी लगाकर 17 मई को खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवा दिया, लेकिन डाक्टर बंजारे ने पीएम करने से मना कर दिया था इसके बाद परिजन पीएम के लिए 15 किमी दूर सिम्स पहुंचे थे। डाक्टर द्वारा पीएम नहीं करने और परिजनों को प्रताड़ित करने का मामला तुल पड़ चुका है। जिसके बाद सीएमएचओ ने संबंधित डाक्टर पर कार्रवाई का मन बना लिया है।



डॉक्टर की मनमानी, पीएम करने के बजाय परिजनों को भेजा सिम्स

बाइक पर मरीज को बैठाकर ब्लड सैंपल लेते दिखा युवक

खबर का असर

हरिभूमि में 19 और 21 मई प्रकाशित खबर।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोनों ही मामलों में संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है। हम स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर निगरानी बढ़ाने पर विचार कर रहे है। कार्रवाई तय की जाएगी।

**- डॉ शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ स्वास्थ्य विभाग

# किसानों को डिब्बे व जरीकेन में भी डीजल देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- खेती-किसानी को ध्यान में रखकर लिया गया निर्णय
- किसानों को मिल सकेगी बड़ी राहत

रबी सीजन में फसल की कटाई एवं आगामी खरीफ की जुताई को ध्यान में रखकर किसानों में डीजल की मांग को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा किसान हित में निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत किसानों को डीजल पंपों से डिब्बे व जरीकेन में भी डीजल लेने की छूट प्रदान की गई है। गांव में इन दिनों ट्रैक्टर की व्यस्तता बढ़ गई है, जिससे इस निर्देश के बाद किसानों को खेती का काम छोड़कर डीजल पंपों में डीजल के लिए लंबी लाईन लगाने से छूट मिल सकेगी।

पेट्रोल व डीजल के लिए चारों ओर मारामारी के बीच जिला प्रशासन ने किसानों को एक बड़ी राहत दी है। प्रशासन द्वारा एक निर्देश जारी किया गया है, जिसमें खेती-किसानी के लिए किसानों को डिब्बे व जरीकेन में भी डीजल पंपों से डीजल देने की छूट प्रदान की गई है। प्रशासन द्वारा दी गई छूट में समस्त रेल्वे, सड़क निर्माण, भवन निर्माण तथा समय सीमा में पूर्ण किए जाने वाले सभी शासकीय कार्य तथा अस्पताल व मोबाईल टावर को भी डिब्बों व जरीकेन में डीजल उपलब्ध करा देने की छूट में शामिल किया गया है।

### मात्रा का कोई उल्लेख नहीं

किसानों को पेट्रोल पंपों से डिब्बे व जरीकेन में डीजल देने के निर्देश तो जारी किए गए हैं, लेकिन उक्त निर्देश में मात्रा का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। ऐसे में यह डीजल पंपों में विवाद या बहस का विषय हो सकता है। हालांकि प्रशासन द्वारा किसानों को आवश्यकतानुसार डीजल उपलब्ध करा देने की बात कही गई है।

### दिए गए हैं निर्देश

रबी फसल की कटाई एवं जल्द ही खरीफ की जुताई व बोनी को ध्यान रखते हुए किसानों को खेती जैसे अति आवश्यक कार्य के लिए डिब्बे या जरीकेन में डीजल देने की छूट प्रदान की गई है। इस दौरान किसान की मांग एवं पंप में डीजल की उपलब्धता के हिसाब से डीजल दिया जा सकता है।

**- अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

### शहर से बाहर के पंपों में ट्रैक्टरों की कतार

रबी की कटाई एवं इसके तत्काल बाद खरीफ की जुताई होनी है। इन सब कामों के लिए ट्रैक्टर को डीजल की बड़ी मात्रा चाहिए, जिसके लिए पंपों में किसान अपने टैक्टर सहित लंबी लाईन में खड़े नजर आ रहे हैं। चूंकि शासन के पूर्व निर्देशानुसार डिब्बे या जरीकेन में किसी को भी डीजल या पेट्रोल नहीं देना है, ऐसे में किसानों को भी डीजल के लिए अपना ट्रैक्टर लेकर जाना पड़ रहा था, लेकिन लंबी लाईन में अपनी बारी आते तक लंबा समय लग रहा था, जिससे खेती का काम भी छूट रहा था। ऐसे में इस निर्देश के बाद किसानों को बड़ी राहत मिल जाएगी। टैक्टर खेत में अपना काम भी करता रहेगा, वहीं परिवार के सदस्य पंप जाकर जरीकेन से डीजल की व्यवस्था कर सकेंगे।

## टैंकर चालकों के साथ मिलकर ढाबा संचालक कर रहा था डीजल की चोरी

**अंबिकापुर।** एक तरफ पेट्रोल डीजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और लोगों को सिमित मात्रा में ही पेट्रोल डीजल प्रदान किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर लोग अपने मुनाफे के लिए टैंकरों से डीजल चोरी के कारोबार में भी लिप्त हो गए है। इस बात का प्रतापपुर पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने टैंकर चालक और ढाबा संचालक को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी किया गया 950 लीटर डीजल, दो टैंकर, स्कोर्पियो वाहन को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम दुरती में अन्नपूर्णा ढाबा के संचालक द्वारा डीजल टैंकर चालकों की मदद से अपने ही ढाबा के पीछे टैंकर से डीजल चोरी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान यह बात सामने आई कि टैंकर वाहन क्रमांक डब्ल्यूबी 78-5226 एवं टेंकर वाहन क्रमांक एनएल 06 ए 9129 में 24-24 हजार लीटर भारतीय पेट्रोलियम कंपनी का डीजल भरा हुआ था। टैंकर से डीजल मुगल सराय से उड़ीसा पहुंचाया जाना था लेकिन ढाबा संचालक रविकांत यादव ने दोनों टैंकरों के चालकों से सांठ-गांठ की गई और टैंकरों को अपने ढाबा के सामने किया गया। इस दौरान टैंकर क्रमांक डब्ल्यूबी 78-5226 के ऑयल टैंक ग्रेडर मशीन से काटकर टेंकर लॉक नोजल निकाल कर धाम, प्लास्टिक जरीकेन में भरा गया। चंदौरा पुलिस की टीम ने रेड कार्रवाई के दौरान 4 नग लोहे के 200 लीटर क्षमता वाले ड्रम, 30 लीटर क्षमता वाले 3 व 20 लीटर क्षमता वाले 2 जरीकेन में डीजल बरामद किया गया। मौके से टीम ने कुल 950 लीटर डीजल बरामद किया जिसकी कीमत 93 हजार 1 सौ रूपए है।

बिजली के लिए मचा हाहाकार

# लोड बढ़ने से खंबे व ट्रांसफार्मर में लग रही है आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी अपने चरम पर है और बिजली के ट्रांसफार्मर और केबल अब जवाब देने लगे है, यही कारण है कि आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है, वहीं बिजली अधिकारी चाह कर भी लोड को समायोजित करने में पस्त हो रहे हैं।

बेतहाशा गर्मी के कारण बीती रात चाँटीडीह सब्जी मंडी के कृष्णा विहार-चिंगराजपारा रोड पर अचानक रात में बिजलीं खम्भे पर आग लगी, केबल टूटकर सड़क पर जुलता रहा। इस दौरान खम्भे पर केबल जलाता देख लोग मोबाइल से विडियो बनाते रहे। करीब घण्टे डेढ़ घण्टे ये तमाशा चलता रहा इस दौरान कुछ जागरूक लोग ने फ्यूज कॉल को सूचना देने प्रयास किया लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। ऐसा ही मामला विनोबा नगर में देखने को मिला जहां एल 5 गली में ट्रांसफार्मर के नीचे लगा केबल जलने लगा, जिसके देखकर लोगों ने बिजली अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, करीब 2 घंटे के बाद कर्मचारी पहुंचे और केबल बदलकर सप्लाई शुरू की। बताया जा रहा है कि बीती रात करबला क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिसके चलते कई घरों में रात भर बिजली नहीं पहुंची, पार्षद के द्वारा बिजली कर्मचारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद रविवार की सुबह बिजली बहाल की गई है।



### गर्मी से फिलहाल राहत नहीं, पारा 44.2 डिग्री

बारिश को पूरी तरह से आने में अभी महीने भर का समय है, ऐसे में गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। रविवार को तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया। कहा जा सकता है कि फिलहाल राहत के कोई आसार नहीं है। जहां दिन में पारा बढ़ा है, वहीं रात में भी तापमान 27 डिग्री है, जिसके चलते लोगों को रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। मौसम पूरी तरह से शुष्क हो चुका है, सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे लू के थपेड़े चल रहे है, जिससे बाहर निकलने के कारण लोगों को झुलसना पड़ रहा है और लू लगने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। डाक्टरों के अनुसार इस दौरान खान पान में अनियमिता बरतना लोगों को भारी पड़ सकता है। बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जांजगीर चांपा और महासमुंद जैसे जिले भीषण गर्मी की चपेट में है।

# ओड़िसा का गांजा सप्लायर दंपती चढ़ा आबकारी उड़नदस्ता के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- साढ़े चार लाख कीमत का गांजा जब्त

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ उड़ीसा के गांजा सप्लायर पति पत्नी को एक साथ ग्राम जजगा में पकड़ा बल्कि दोनों के पास से साढ़े चार लाख कीमती 22.6 किलो गांजा जब्त किया। टीम ने आरोपी दंपति के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने उड़ीसा के दो गांजा सप्लायर पति पत्नी को थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम जजगा में गिरफ्तार किया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि रविवार को थाना सीतापुर क्षेत्रों में गश्त कर रहे थे। गस्त के दौरान वंदना मेन रोड पर मैनपाट की तरफ जा रहे थे तभी जजगा पुलिया के पास एक महिला और एक पुरुष उड़ीसा नंबर की स्कूटी के साथ दो बोरियों के साथ खड़े थे। दोनों सरकारी वाहन को देख हड़बड़ा गए। जब दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों ने बोरियों में गांजा होने की बात बताई। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम रूपनाथ यादव तथा महिला ने अपना नाम इच्छा यादव बताया साथ ही पति पत्नी होने की बात बताई। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि रूपनाथ यादव बंदना थाना सीतापुर का मूल निवासी हैं परंतु वह उड़ीसा की इच्छा यादव के साथ शादी करके ग्राम रस्टी थाना किंजीर कला जिला सुंदरगढ़ में रहने लगा है। रूपनाथ यादव अपनी पत्नी के साथ अभी बंदना आया हुआ था और गांजा उड़ीसा से लेकर सप्लाई के लिए आया था। दोनों के कब्जे की बोरियों में भरे गांजे की तौल की गई तो गांजे का कुल वजन 22.600 किलोग्राम होना पाया गया। उक्त गांजे का बाजार मूल्य लगभग साढ़े चार लाख रुपए है।

## खबर संक्षेप

### ओड़िसा का गांजा सप्लायर दंपती चढ़ा आबकारी उड़नदस्ता के हत्थे

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ उड़ीसा के गांजा सप्लायर पति पत्नी को एक साथ ग्राम जजगा में पकड़ा बल्कि दोनों के पास से साढ़े चार लाख कीमती 22.6 किलो गांजा जब्त किया। टीम ने आरोपी दंपति के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने उड़ीसा के दो गांजा सप्लायर पति पत्नी को थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम जजगा में गिरफ्तार किया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि रविवार को थाना सीतापुर क्षेत्रों में गश्त कर रहे थे। गस्त के दौरान वंदना मेन रोड पर मैनपाट की तरफ जा रहे थे तभी जजगा पुलिया के पास एक महिला और एक पुरुष उड़ीसा नंबर की स्कूटी के साथ दो बोरियों के साथ खड़े थे। दोनों सरकारी वाहन को देख हड़बड़ा गए। जब दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों ने बोरियों में गांजा होने की बात बताई। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम रूपनाथ यादव तथा महिला ने अपना नाम इच्छा यादव बताया साथ ही पति पत्नी होने की बात बताई। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि रूपनाथ यादव बंदना थाना सीतापुर का मूल निवासी हैं परंतु वह उड़ीसा की इच्छा यादव के साथ शादी करके ग्राम रस्टी थाना किंजीर कला जिला सुंदरगढ़ में रहने लगा है। रूपनाथ यादव अपनी पत्नी के साथ अभी बंदना आया हुआ था और गांजा उड़ीसा से लेकर सप्लाई के लिए आया था। दोनों के कब्ज़े की बोरियों में भरे गांजे की तौल की गई तो गांजे का कुल वजन 22.600 किलोग्राम होना पाया गया। उक्त गांजे का बाजार मूल्य लगभग साढ़े चार लाख रुपए है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि उड़ीसा राज्य से ही 90 प्रतिशत गांजा छत्तीसगढ़ में आता है।

### टैंकर चालकों के साथ मिलकर ढाबा संचालक कर रहा था डीजल की चोरी

**अंबिकापुर।** एक तरफ पेट्रोल डीजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और लोगों को सिमित मात्रा में ही पेट्रोल डीजल प्रदान किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर लोग अपने मुनाफे के लिए टैंकरों से डीजल चोरी के कारोबार में भी लिप्त हो गए है। इस बात का प्रतापपुर पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने टैंकर चालक और ढाबा संचालक को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी किया गया 950 लीटर डीजल, दो टैंकर, स्कोर्पियो वाहन को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम दुरती में अन्नपूर्णा ढाबा के संचालक द्वारा डीजल टैंकर चालकों की मदद से अपने ही ढाबा के पीछे टैंकर से डीजल चोरी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान यह बात सामने आई कि टैंकर वाहन क्रमांक डब्ल्यूबी 78-5226 एवं टेंकर वाहन क्रमांक एनएल 06 ए 9129 में 24-24 हजार लीटर भारतीय पेट्रोलियम कंपनी का डीजल भरा हुआ था। टैंकर से डीजल मुगल सराय से उड़ीसा पहुंचाया जाना था लेकिन ढाबा संचालक रविकांत यादव ने दोनों टैंकरों के चालकों से सांठ-गांठ की गई और टैंकरों को अपने ढाबा के सामने किया गया।

## निधन

### मुरली मनोहर राठौर



**कोरबा।** सिविल लाइन थाना में पदस्थ एएसआई दुर्गेश राठौर के पिता व गृहग्राम पोरथा के प्रतिष्ठित नागरिक मुरली मनोहर राठौर का 24 मई को अर्धरात्रि लगभग 12:45 बजे निधन हो गया है। उनकी अंत्येष्टि उनके गृहग्राम पोरथा में संपन्न हुई। उनके निधन की खबर से गृहग्राम पोरथा के ग्रामीण, कोरबा अंचल सहित पूरे पुलिस परिवार में शोक व्याप्त हैं।

# तीन महीने के चावल को लेकर बनी विषम स्थिति, कई हितग्राहियों को अभी भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले की पीडीएस दुकानों में चावल वितरण की व्यवस्था शहरी क्षेत्रों में भले ही सुधर गई है किन्तु ग्रामीण अंचलों में अभी भी ऐसे हितग्राही मौजूद हैं जिनको 3 माह का चावल नहीं मिल सका है। इसके पीछे 15 मई तक पीडीएस दुकानों में एंट्री नहीं कराया जाना कारण बताया गया है।

खाद्य विभाग के द्वारा जारी नए निर्देशों के तहत 15 मई तक जिन हितग्राहियों का खाद्यान्न वितरण के लिए पीडीएस दुकानों के रिकार्ड में एंट्री नहीं हुई थी। ऐसे हितग्राहियों को चावल नहीं मिल सकेगा। इस निर्देश के बाद बड़ी संख्या में शहर और ग्रामीण अंचल के पीडीएस दुकानों में हितग्राहियों की भीड़ सिर्फ एंट्री कराने के लिए उमड़ पड़ी। बताया गया है कि निर्धारित तिथि तक जिन हितग्राहियों की एंट्री हो चुकी है उन्हें ही चावल दिया जा रहा है। यह व्यवस्था शहरी क्षेत्र में होने के कारण हितग्राहियों को 3 माह का चावल तो मिलना शुरू हुआ लेकिन उसके बावजूद शहरी क्षेत्र के कुछ एपीएल हितग्राही चावल मिलने से वंचित है। इसके ठीक विपरीत ग्रामीण अंचलों में 15 मई तक एंट्री नहीं कराने वाले हितग्राही चावल से वंचित हो गए हैं।

### 15 मई तक एंट्री कराने के निर्देश के कारण दुकानों में लगी रहीभीड़



#### दुकानों में भंडारण नहीं होना बड़ी समस्या

पीडीएस दुकानों में दो माह तक दुकान संचालकों के मांग के अनुरूप चावल का भंडारण नहीं होने के कारण भी हितग्राहियों को चावल का वितरण नहीं हो पा रहा था। अप्रैल महीने में 30 तारीख तक मई व जून तक के चावल भंडारण के निर्देश दिए गए थे। लेकिन इस तारीख तक भी लगभग 70 हजार क्विंटल चावल का भंडारण नहीं हो सका था। इसके बाद प्रशासन ने सख्ती बरती और नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा पूर्व में चल रहे दो ट्रांसपोर्ट कंपनियों के अलावा दो और ट्रांसपोर्ट कंपनियों से अनुबंध किया तब जाकर दुकानों में भंडारण की व्यवस्था हो सकी।

### उद्योग मंत्री व महापौर ने डामरीकरण कार्य का किया भूमिपूजन

# सर्वमंगला पुल सड़क का डामरीकरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र के सर्वमंगला पुल सड़क का बहुप्रतीक्षित डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य शुरु किया गया है। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने डामरीकरण कार्य के लिए पूजा अर्चना की तथा उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ कराया तथा कार्य प्रारंभ कर पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुये कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

निगम द्वारा जिला खनिज न्यास मद से 82 लाख रूपये की लागत से निगम क्षेत्रांतर्गत सर्वमंगला पुल सड़क एवं एप्रोच सड़क के डामरीकरण चौड़ीकरण व मजबूतीकरण का कार्य कराया जाना हैं, प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने उक्त कार्य का भूमिपूजन किया, उन्होने पूजा अर्चना की तथा उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ कराया। उन्होने तत्काल कार्य प्रारंभ कर पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुये यथाशीघ्र कार्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को दिये। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि ईरान-इजराईल युद्ध के कारण निर्मित हुई वैश्विक परिस्थितियों व इससे उत्पन्न डामर की कमी के कारण सड़कों के डामरीकरण के कार्य में अवरोध उपस्थित हो रहा है जबकि निगम क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों के डामरीकरण व मजबूतीकरण का कार्य स्वीकृत हैं, निविदा आदि की प्रक्रिया कर ली गई है, किन्तु डामर की कमी के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहे हैं जबकि प्रशासनिक स्तर पर इस दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं, उन्होने कहा कि काफी प्रयासों के बाद संबंधित निर्माण एजेंसी से आग्रह कर सर्वमंगला पुल सड़क के डामरीकरण का कार्य आज प्रारंभ किया गया है, इस कार्य के पूरा हो जाने के पश्चात इस मार्ग पर आवागमन अधिक सुविधाजनक हो जायेगा तथा उडने वाली धूल से राहत मिलेगी, उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा की अन्य सड़कों का डामरीकरण कार्य भी प्रारंभ हो, इस हेतु लगातार मेरे द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं, वहीं कलेक्टर कुणाल दुदावत व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा प्रशासनिक स्तर पर भी लगातार प्रयास जारी हैं। इस अवसर पार्षद चन्द्रलोक सिंह, ईश्वर पटेल, रामाधर पटेल, माधव जायसवाल, पूर्व पार्षद दीपा राठौर, मण्डल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, कोरबा मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, रामशंकर साहू, हीरू जायसवाल, उत्तम जायसवाल, सुकेश दलाल, मनोज राठौर, अमित सिंह, वैभव शर्मा, जोन कमिश्नर सुनील टाण्डेय, सहायक अभियंता पीयूष सिंह राजपूत, उपअभियंता विनोद गोंड़, अंजय पाण्डेय, दीपक यादव, मनोज सिंह राजपूत, अनिल यादव आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री लखलाल देवांगन व महापौर संजूदेवी राजपूत व अन्य।

### सामुदायिक भवन का उद्योग मंत्री ने किया लोकार्पण

बालको नगर स्थित श्रद्धा एवं आस्था के प्रमुख केंद्र श्री राम मंदिर परिसर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर समिति के सदस्य एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। राम नवमी में मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की मांग पर मंत्री देवांगन ने अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की थी। भवन के निर्माण पूर्ण होने के पश्चात शनिवार को इसका विधिवत लोकार्पण किया गया। यह भवन मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर मंत्री लखन लाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों का विकास समाज को जोड़ने का कार्य करता है। सामुदायिक भवन के निर्माण से मंदिर परिसर में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी तथा श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# पत्रकारिता में मानवीय मूल्यों का समावेश करना आवश्यकः रॉय



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आद्यपत्रकार महर्षि नारद मुनि जयंती के उपलक्ष्य में विवेकानंद सेवा सदन में रविवार को कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 का पत्रकारिता सम्मान पत्रकार कैलाश यादव, सुरेश देवांगन और लालिमा शुक्ला को दिया गया।

मुख्य अतिथि एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन अरविंद कुमार राय ने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकारिता जोखिम पर आधारित कार्य है जो मानव के हित के साथ जुड़ा हुआ है। आवश्यकता इस बात की महसूस की जा रही है कि इस कार्य में मानवीय मूल्यों को और भी गम्भीरता से शामिल किया जाए। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया को अभिस्वीकृति मिली हुई है, इसलिए भी पत्रकारों की भूमिका व्यापक हो जाती है। उन्होंने प्रेरक कहानी के माध्यम से अपनी बात को स्पष्ट किया और पत्रकारों से अपेक्षा की कि वे राष्ट्र और समाज सहित में अपनी लेखनी को लगातार आगे बढाते रहेंगे। पत्रकारिता में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित प्रियंका कौशल मुख्य वक्ता थी। उन्होंने कहा कि महर्षि नारद विश्व के प्रथम पत्रकार के जिन्होंने लोकमंगल के लिए पत्रकारिता की। उसके बावजूद बीते कुछ वर्षों से भारतीय सिनेमा की दुनिया में उनके चरित्र को एक हास्यास्पद रूप दे दिया। हैरानी की बात यही की समाज भी इन चीजों को सच मान बैठा है और वह कई बार व्यवहार में इस प्रकार की बातें करता है। प्रियंका ने कहा कि चिंतन मनन करने की परंपरा भारत में वर्षों से रही है। ऋषि मुनियों ने इस परंपरा को मजबूती दी। उन्होंने कहा कि आज की पत्रकारिता की धारा से जुड़े लोगों को सबसे पहले अपने भारत को समझने की जरूरत है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एक दिन में...

में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। एक दिवसीय विशेष अभियान के दौरान पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा कुल 104 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 53 हजार400 समंस शुल्क वसूला गया। वहीं 19 वाहन चालकों के विरुद्ध शराब सेवन कर वाहन चलाने धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

### एसी के आउटडोर...

पाइप के छोटे-छोटे टुकड़ों में कटा हुआ कुल 37 नग माल मशरूका बरामद कर जप्त किया गया। साक्ष्य, गवाहों के कथन एवं तकनीकी विवेचना के आधार पर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### नवविवाहिता...

प्रयास किया लेकिन उसके गृह ग्राम गौरैया बिहार में फिलहाल अभी कोई नहीं रहता है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि विवाहिता ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है।

### कुसमुंडा कोयला...

में लापरवाही बरती जा रही है। प्रबंधन की इसी लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ हैं। कर्मचारी संगठनों ने घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि डंपर वाहन चालकों पर उत्पादन का दबाव रहता है, जिसके कारण कई बार सुरक्षा नियम ताक पर रख दिए जाते हैं। फिलहाल घायल डंपर वाहन चालक का उपचार चल रहा है। एसईसीएल प्रबंधन ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। कुसमुंडा खदान एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदानों में से एक है। परंतु यहां आए दिन होने वाले हादसे मजदूरों की सुरक्षा को लेकर प्रबंधन के दावों पर सवाल उठाते हैं।

# पीरियड्स पर खुलकर बात करने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को समाज के विभिन्न क्षेत्र और वर्ग के लोगों ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता लाने और मिथकों को तोड़ने का संकल्प लिया।

**खास बात**

- भारत स्काउट्स गाइड्स ने किया कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन

सभी ने एक स्वर में कहा कि पीरियड्स पर खुलकर बात की जाएगी और समाधान निकाला जाएगा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तथा यूनिसेफ द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पंचवटी विश्राम गृह में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि मासिक धर्म कोई शर्म का विषय नहीं है। यह स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। इस पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने अभियान की सराहना की और रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से जरूरतमंद किशोरियों के लिए दो हजार सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का ऐलान किया। रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष आरपी तिवारी ने स्कूलों में मासिक धर्म को लेकर विशेष कक्षाओं के आयोजन का सुझाव दिया। कोषाध्यक्ष राजेश बगड़िया ने भी अपनी बात रखी। प्राचार्य द्वय अनिता ओहरी, रिनी दुबे, अनिमा प्रसाद, संगीता साव ने स्कूलों में पीरियड्स के दौरान छात्राओं को आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। इन्होंने कहा कि प्रयास हो कि स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में पैड की उपलब्धता हो। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला आयुक्त (गाइड) डा. फरहाना अली ने कहा कि दक्षिण भारत के राज्यों की तरह पीरियड्स को सेलिब्रेट्स किया जाना चाहिए। उन्होंने सेनेटरी पैड तैयार करने का अभियान चलाने की बात कही। ऑडियालॉजिस्ट डा. ज्योति बाला ने कहा कि पीरियड्स पर खुलकर बात करेंगे तो समाधान भी निकलेगा। निदान संस्था कि पूर्णिमा स्वर्णकार ने लड़कों को भी जागरूक करने की बात कही। स्त्रोत संस्था की लक्षन चन्द्रा ने बताया कि दुरस्त ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पीरियड्स के दौरान कपड़ा और राख का उपयोग किया जाता है। मड़ई से आए व्याख्याता ने कहा कि देहात इलाकों में झिझक बनी हुई है। इसे दूर करना होगा। उड़ान संस्था की ईश्वरी यादव, निलांजना सेन, नवप्रभा की कविता सोनी, स्त्रोत की साइकोलॉजिस्ट संगीता ने मासिक धर्म पर अपने अनुभव साझा किए। प्राचार्य एसआर अमित ने बताया कि उनके द्वारा स्कूल में लड़कों को पैड वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं स्काउट्स एवं गाइड्स।

### सीआईएसएफ एसईसीएल द्वारा संडेज ऑन साइकिल रैली

**गेवरा-दीपका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान एवं युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत देशभर में आयोजित संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई एसईसीएल बिलासपुर द्वारा गेवरा एवं दीपका क्षेत्र के बल सदस्यों की संयुक्त सहभागिता से साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ सीआईएसएफ प्रशासनिक भवन गेवरा से हुआ। रैली को प्रवेश पाण्डेय, उप कमांडेंट एवं सुमन सिंह, सहायक कमांडेंट द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली शक्ति नगर एवं ऊर्जा नगर मार्ग से होते हुए पुनः प्रशासनिक भवन गेवरा पहुँचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उप कमांडेंट प्रवेश पाण्डेय ने कहा कि साइकिल चलाना हम सभी के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे शरीर स्वस्थ एवं फिट रहता है तथा नियमित व्यायाम की आदत विकसित होती है। वहीं सहायक कमांडेंट सुमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे न केवल स्वास्थ्य बेहतर रहेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा।

# अग्रवाल सभा की नवीन कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा नवीन कार्यकारणी 2026-28 के नवनिर्वाचित पदाधिकारीय का शपथ ग्रहण समारोह का अयोजन श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्रागंण में विगत दिनों संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्षता त्वरित पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा के राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा कि गई मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी के रूप में एन.आर.ग्रुप रायगढ़ के संजय अग्रवाल उपस्थित हुये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेन्द्र ने कहा कि सभी नवीन कार्यकारणी जैसे पूर्व में सभी के द्वारा कार्य किया गया उसी प्रकार से नवीन कार्यकारणी भी कार्य करें। मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष गोयल, कोषाध्यक्ष महावीर केडिया व अग्रवाल सभा के मनोनित सचिव शिव कुमार अग्रवाल को पद की शपथ दिलाई। इसके पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल ने कहा कि हमारे द्वारा पूरी निष्ठा से कार्य किया जायेगा। वर्तमान में अग्रवाल समाज को नये भवन की आवश्यकता है उसे सभी के सहयोग से पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एन.आर.ग्रुप रायगढ़ के संजय अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा आगे रहता है महाराजा अग्रसेन ने एक ईट एवं एक रूपये का चलन शुरू किया यह समाज को जोड़ने एवं साथ लेकर चलने का हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक आगे बढने का अधिकार था हम उसी भावना को पुनः जीवत करे। अग्रवाल समाज शिक्षा, गो सेवा, चिकित्सा एवं अन्य समाजिक कार्यो में आग्रनीय है हिन्दुस्तान में दानदाताओं में अग्रवाल समाज सबसे आगे रहा है हमारे प्रयास होना चाहिए कि समाज में शिक्षा से कोई भी बचित नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल ने नवीन कार्यकारणी शपथ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशीष खेतान के द्वारा नवनिर्वाचन पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के द्वारा मुख्य चुनाव अधिकारी, चुनाव अधिकारी, सहायक चुनाव अधिकारीयों का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। अग्रवाल सभा कि कार्यकारणी में कनिष्ठ उपाध्यक्ष- दिव्यानंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष-संतोष अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, राजेन्द्र चिड़ीपाल, पवन अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राम सेवक अग्रवाल, निदेशक जुगल किशोर अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राजकुमार मोदी सह सचिव मधु डिडवानिया, सह कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, व्यवस्था प्रमुख- नरेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, अरविंद सिंघानिया, मनीष पोद्दार, नितीश डालमिया, सतीश गुप्ता, शशि सिंघल, राज सिंघल, सचिन अग्रवाल, आकाश सिंघानिया, गणेश अग्रवाल, जीमी अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, आरक्षण प्रभारी- बृजमोहन अग्रवाल, सांस्कृतिक प्रभारी- दिलीप अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी- अनिल अग्रवाल, विधिक सलाहकार -बद्री प्रसाद मोदी, संतोष मोदी, मनोज अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल शामिल है।



शपथ लेते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।


## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप



### उप निरीक्षक बनने पर नरेंद्र का गांव वालों ने किया स्वागत

**भैसमा।** ग्राम पंचायत कथरीमाल ग्राम भाटापारा निवासी नरेंद्र कुमार कुर्रे के उपनिरीक्षक बनने के बाद प्रथम बार अपने गृह ग्राम आने पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, परिजनों एवं रिश्तेदारों द्वारा स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, मित्रों एवं ग्रामीणों ने पुष्पमालाओं एवं जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार कुर्रे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामलाल कुर्रे, सुरेंद्र कुमार कुर्रे, श्रीमती सविता देवी, रामदयाल कुर्रे, श्रीमती बनवास कुर्रे, रामपाल कुर्रे, श्रीमती सीमा कुर्रे, मोहनलाल कुर्रे, श्रीमती रंजीता कुर्रे, राजू राजवाड़े, उप सरपंच श्रीमती उषा बाई पाटले उपस्थित रहे।

### उपडाकघर में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन की सुविधा

**कोरबा।** भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग जिले में बालको नगर उपडाकघर में सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जिसमें समस्त आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार, अपडेशन (पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि) का कार्य करवा सकते हैं। चूंकि बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है, अपने बच्चों का भी बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं। समस्त आम नागरिक से अपील की जाती है कि वे भारतीय डाक विभाग के द्वारा डाकघरों के माध्यम से दी जा रही आधार अपडेशन की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### श्रीमद श्रीमद भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु



**कोरबा।** तहसील बरपाली अंतर्गत ग्राम पंचायत सलिहाभांठा की समस्त मातृशक्ति द्वारा द्वितीय वर्ष आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भक्ति की बयार बह रही है। कथाव्यास प्रख्यात भागवत कथा आचार्य पंडित नूतन कुमार पांडेय के द्वारा भगवान लीलाधर की लीलाओं का सुंदर वर्णन कर श्रोताओं को भागवत कथा अमृत का रसपान कराया जा रहा है। कथा के छठवें दिवस लीलाधर की अनेक लीलाओं एवं रुक्मणी मंगल की कथाओं का संगीतमय सुंदर वर्णन किया गया। जिसे श्रवण कर श्रोता आनंद के सागर में डूब गए। तत्पश्चात संगीतमय रुक्मणी कृष्ण विवाह संपन्न कराया गया। कथा प्रांगण स्थल पर रुक्मणी कृष्ण विवाह की संगीतमय झांकी निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आठवें दिवस कथा समापन एवं चढोत्री नवमें दिवस गीता तुलसी वर्षा, हवन सहस्त्रधारा, गंगास्नान, कपिला तर्पण ,भंडारा प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा।

### जैन साधु-साध्वियों पर हिंसक घटनाओं के विरोध में मौन रैली आज

**कोरबा।** सकल जैन समाज द्वारा विशाल मौन रैली निकाली जाएगी। दिनेश जैन ने बताया कि जैन साधु-साध्वियों के विहार में असामाजिक तत्वों द्वारा की गई हिंसक घटनाओं के विरोध में 25 मई को प्रातः 11 बजे दिगम्बर जैन मंदिर बुधवारी से कलेक्ट्रेट तक विशाल मौन रैली निकाली जाएगी और प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस रैली में अधिक से अधिक उपस्थित होने की अपील की गई है।

# आज से रोहिणी नक्षत्र में सूर्य करेगा प्रवेश, शुरू होगा नौतपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज से नौतपा शुरू हो रहा है। जिसे नौतपा या नौ तप के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय ज्योतिष और संस्कृति में यह एक महत्वपूर्ण अवधि है जो गर्मी के चरम समय में आती है। यह रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश के साथ शुरू होती है और आमतौर पर नौ दिनों तक चलती है।

सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 25 मई को प्रवेश कर रहा है। इस अवधि में सूर्य का प्रभाव तीव्र होता है, जिसके कारण गर्मी अपने चरम पर रहती है। कुछ ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इसका प्रभाव 8 जून तक भी महसूस हो सकता है। गर्मी से कई शारीरिक व्याधि उल्टी दस्त, बुखार ,डिहाईड्रेशन, लू (हीटस्ट्रोक) जो कि तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण होने वाली एक गंभीर और जानलेवा स्थिति है.इससे बचने के लिए पर्याप्त पानी पीते रहें, दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें और हल्के, ढीले सूती कपड़े पहनें, लू से होने वाले खतरे डिहाइड्रेशन, शरीर में पानी की कमी होना, बेहोशी और चक्कर आना, अत्यधिक गर्मी से ब्लड प्रेशर गिर जाना, अंगों की विफलता, शरीर का तापमान बहुत अधिक होने पर मस्तिष्क, गुर्दे और दिल पर बुरा असर पड़ना,मांसपेशियों में ऐंठन, शरीर से नमक और पानी निकलने पर गंभीर दर्द होना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लू से बचाव के लिए प्यास न लगने पर भी रुक-रुक कर पानी पीते रहें,नींबू पानी, नारियल पानी, और छाछ का सेवन करें,धूप से बचें,दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो छाता, टोपी और धूप के चश्मे का प्रयोग करें, हमेशा हल्के रंग के, पूरे शरीर को ढकने वाले और ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें, खीरा, तरबूज, और खरबूजा जैसे मौसमी फल खाएं। तला हुआ और मसालेदार खाना खाने से बचें, लू लगने पर प्राथमिक उपचार करें, पीड़ित व्यक्ति को तुरंत किसी छायादार या ठंडी जगह पर लिटा दें,उनके शरीर के तापमान को कम करने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां माथे, गर्दन और बगल पर रखें,ओआरएस या नमक-चीनी का घोल दें,हालत गंभीर होने पर बिना देर किए नजदीकी अस्पताल ले जाएं।

**एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी, तापमान 43 डिग्री से अधिक**



**अपने खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें**

भरपूर पानी पिएं, ठंडे और हल्के भोजन का सेवन करें। मुख्यतः बैंगन खाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रखें। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें। प्यासे पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें। गर्मी में जानवरों और पक्षियों को पानी और छाया उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण और पुण्य का कार्य है।

## कांग्रेस ने विस्थापित ग्रामीणों को मछली आखेट का अधिकार लौटाने की रखी मांग

# बांगो विस्थापितों के समर्थन में कांग्रेस का महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव बांगो बांध के विस्थापित परिवारों के समर्थन में रविवार को बुका में महासम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने विस्थापित परिवारों को बांगो बांध में मछली आखेट और बिक्री का स्वतंत्र अधिकार वापस देने की मांग उठाई।

महासम्मेलन में बांगो बांध से प्रभावित 52 गांवों के विस्थापित परिवार बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विस्थापितों ने बताया कि वर्ष 1991 में विस्थापन के बाद शुरुआती वर्षों तक वे स्वयं मछली पकड़कर सरकार को मामूली रॉयल्टी देते थे और इसी से अपनी आजीविका चलाते थे। वर्ष 2003 में ठेका प्रथा लागू होने के बाद से उनका यह अधिकार समाप्त हो गया, जिसके खिलाफ वे लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि विस्थापित आदिवासियों के साथ मारपीट की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई आदिवासी जलाशय से मछली निकालने का प्रयास करता है, तो उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। श्री महंत ने कहा कि सरकार स्वयं विधानसभा में यह स्वीकार कर चुकी है कि वर्ष 2007 से लागू वनाधिकार कानून जलाशयों में मछली पकड़ने वाले आदिवासियों पर भी लागू होता है, लेकिन अब तक इस कानून का पालन नहीं किया गया है। डॉ. चरणदास महंत ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द ही विस्थापितों को उनका अधिकार वापस नहीं देती, तो कांग्रेस पार्टी उनके साथ मिलकर हाईकोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 1000 हेक्टेयर से अधिक बड़े जलाशयों में मछली पालन के लिए ठेका पद्धति लागू है। वहीं आदिवासी क्षेत्रों में वनाधिकार कानून के तहत मछली संसाधनों पर पहला अधिकार आदिवासियों का माना गया है। इसके बावजूद विस्थापित परिवारों को अब तक उनका अधिकार नहीं मिल सका है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की मौजूदगी रही।




महासम्मेलन में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य।

**पेसा कानून आज तक लागू नहीं किया : सिंहदेव**

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि वर्ष 2022 में मंत्री रहते हुए उन्होंने पेसा कानून का प्रारूप तैयार किया था लेकिन सरकार बदलने के बाद आज तक उसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है।

## अहिरन नदी में मिली मृत मछलियां बारूद लगाकर विस्फोट करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पश्चिम विकास नगर क्षेत्र अंतर्गत आईबीपी प्लांट के नीचे बह रही अहिरन नदी में सैकड़ों मछलियां मृत पाई गई। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने देर रात नदी में बारूद और विस्फोटक डालकर मछलियां मारीं, जिससे पानी में केमिकल फैल गया और बड़े पैमाने पर मछलियों की मृत्यु हो गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि विस्फोटक के प्रयोग से नदी के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा तेजी से घट गई, जिसके कारण मछलियां दम घुटने से मर गईं। बच्चे और कुछ ग्रामीण मरी हुई मछलियों को नदी से बीन-बीनकर घर ले जा रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय कॉलोनीवासी इस नदी के पानी को पीने समेत घरेलू कामों के लिए इस्तेमाल करते हैं। घटना के बाद पानी जहरीला हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल पानी की जांच कराने और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही मरी हुई मछलियों को तुरंत नदी से हटाने की भी अपील की गई है। विस्फोटक का इस्तेमाल कर मछली मारना वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है। उन्होंने संबंधित विभाग और पुलिस से दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी तथा कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 5 चैन माउंटेन, 5 हाइवा, 5 ट्रेक्टर व 1 टीपर जप्त


जब्त की गई माउंटेन चैन मशीन।


जब्त ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं जांच की गई। कार्यवाही के दौरान खनिज रेत, गिट्टी एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कार्यवाही कर बरमपुर से अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रेक्टर और सर्वमंगला चौकी से गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे दो हाइवा को सर्वमंगला चौकी अभिरक्षा में रखा गया। राताखार में मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक टीपर को कार्यवाही कर जप्त किया गया। वहीं जरहा जेल बरमपुर में बसाहट समतलीकरण के लिए किए जा रहे कार्य से बिना किसी वैधानिक अनुमति के मिट्टी का उत्खनन कर परिवहन करवाने पर कार्यवाही करते हुए मौके पर स्थित चार चैन माउंटेन को जप्त कर सील किया गया। दो ट्रेक्टर को गेवरा बस्ती से मुरुम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए, कुसमुंडा थाना अभिरक्षा में रखा गया है। नरईबोध में ईंट भट्ठे से ईंट का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रेक्टर को कार्यवाही करते हुए जप्त किया गया। इंदलभाटा तरदा में मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 1 ट्रेक्टर को कार्यवाही कर जप्त किया गया। वहीं उरगा में मिट्टी का अवैध परिवहन व उत्खनन करते पाए जाने पर एक चैन माउंटेन व तीन हाइवा को जप्त कर सील कर दिया गया। जप्त वाहनों को नियमानुसार कार्यवाही हेतु जिले के विभिन्न पुलिस थानों एवं खनिज जांच चौकियों में सुरक्षा अभिरक्षा में रखा गया है।

**एक दिन में 3 जेसीबी और 16 ट्रेक्टर जप्त**

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं जांच की गई। इस दौरान खनिज रेत, गिट्टी एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कुल 3 जेसीबी मशीनों एवं 16 ट्रैक्टर वाहनों को जप्त किया गया। 1 ट्रेक्टर डोकागुडा से, 2 ट्रेक्टर विजयपुर व 1 ट्रेक्टर सुतर्रा से तथा ईंट से भरे 1 ट्रेक्टर को आमाखोखरा से व मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे 2 जेसीबी को ग्राम बिंझरा से। वहीं रेत का अवैध परिवहन कर पौडी से आ रहे 4 ट्रेक्टर, डुमरकछार से मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे 2 ट्रेक्टर व एक जेसीबी जप्त की गई है।

# 225 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की उद्योग मंत्री रखेंगे आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सोमवार को कोरबा नगर के विकास को रफ्तार देते हुए 225 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले महत्वपूर्ण विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे। 25 मई को प्रातः 11 बजे मेजर ध्यानचंद चौक में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री लखन लाल देवांगन तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की सौगात देंगे।

मंत्री श्री देवांगन के सतत प्रयासों से शहर की जर्जर सड़कों के नवीनीकरण एवं भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक तक 5.74 किलोमीटर लंबी सीमेंट कंक्रीट सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। लगभग 29.42 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मार्ग की स्वीकृति जिला खनिज न्यास निधि से प्राप्त हुई थी तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इसके साथ ही लंबे समय से बहुप्रतीक्षित दर्री बराज से बरमपुर चौक तक 7.56 किलोमीटर लंबी सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। लगभग 83.40 करोड़ रुपये की लागत वाली यह सड़क शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हरदी बाजार–तरदा–सर्वमंगला–इमलीछापर मार्ग के शेष 13.74 किलोमीटर सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया जाएगा। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत वाले इस कार्य के पूर्ण होने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।


लखनलाल।

### बिजली तार चोरी से ग्रामीण अंधेरे मे

**कोरबा।** कटघोरा सब स्टेशन ढेलवाडीह से संचालित देवरी फीडर अंतर्गत ढेलवा डीह जंगल से जवाली-सिंघाली पुल तक लगभग 7 से 8 किलोमीटर क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा करीब 25 से 30 बिजली पोलों के तार काटकर चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना से जवाली, सिंघाली और देवरी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार 14 मई को सिंघाली में सुशासन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## 31 रुपए प्रति क्विंटल की दर से दिया जाएगा कमीशन, समिति के कर्मचारियों को मिलता है वेतन

# धान खरीदी के रिकार्ड के मिलान का काम पूरा, मिलेगी कमीशन की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी का कार्य पूर्ण होने के बाद डेढ़ माह तक चले रिकार्ड के मिलान का काम पूरा होने के बाद अब समितियों को 31 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कमीशन की राशि दी जाएगी। जिससे समितियों के कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य कार्यों में राशि खर्च की जाएगी।

जिले में इस वर्ष धान खरीदी लक्ष्य से भी कम हुई। खरीदी के बाद उनके रिकार्ड के मिलान को लेकर विपणन विभाग और सहकारिता विभाग के कर्मचारियों के द्वारा मिलान की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इस दौरान यह देखा गया कि विपणन विभाग के द्वारा किस मिलर्स को कितने क्विंटल का डीओ काटा गया और संबंधित मिलर्स को उतनी मात्रा का धान प्राप्त हुआ या नहीं। मिलर्स और समितियों के रिकार्ड के मिलान को ही धान खरीदी के बाद महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है। मिलान कार्य के दौरान समितियों से भेजे जाने वाले धान अगर संबंधित मिलर्स तक नहीं पहुंचते तो उस मामले में गड़बड़ी की आशंका मानते हुए जांच की जाती है। इस वर्ष अब तक रिकार्ड के मिलान में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी दोनों विभागों को नहीं मिली है। इस वर्ष 27 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है। सभी किसानों को खरीदी के एवज में भुगतान की जाने वाली राशि भी बैंकों में भेज दी गई है। रिकार्ड के मिलान के बाद समितियों को 31 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कमीशन की राशि जारी की जाएगी।


फाइल फोटो

**बड़ी समितियों को सर्वाधिक कमीशन**

धान खरीदी के दौरान बड़ी सहकारी समितियों जिनके द्वारा सर्वाधिक धान की खरीदी की जाती है। उन समितियों को कमीशन के रूप में एक बड़ी राशि मिलती है। इन समितियों में करतला, भैसमा, तुमान, रामपुर, नवापारा, कोरबी, सिरमिना, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, हरदीबाजार, उतरदा व जिल्गा बरपाली शामिल हैं। जहां धान की सर्वाधिक खरीदी होती है। खेती का रकबा भी इन समितियों में सर्वाधिक है। मैदानी क्षेत्र होने के कारण इन समितियों के आसपास के क्षेत्र में खेती का रकबा ज्यादा बड़ा है। वनअधिकार पत्रधारियों से भी धान खरीदी किए जाने के कारण इन समितियों में सर्वाधिक खरीदी होने लगी है।

**कोरबा व बरपाली ब्रांच में सर्वाधिक भुगतान**

जिला सहकारी बैंक की 6 शाखाओं से किसानों का लेनदेन होता है। जिनमें कोरबा और बरपाली शाखा से किसानों को सर्वाधिक भुगतान किया जाता है। इन दोनों बैंकों के अंतर्गत आने वाली समितियों में किसानों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। वहीं लेनदेन भी किसानों के द्वारा दोनों ब्रांचों से किए जाने के कारण भी भुगतान के मामले में कोरबा व बरपाली ब्रांच अन्य ब्रांचों के मुकाबले सर्वाधिक है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411